दैनिक न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, रविवार 03 अक्टूबर 2021

www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### रेत खनिज का अवैध परिवहन करते 4 ट्रैक्टर जप्त

**कांकेर (आरएनएस)।** कलेक्टर चन्दन कुमार के निर्देशानुसार राजस्व एवं खनिज विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा आज कांकेर के गढ़पिछवाड़ी एवं मनकेशरी के तरफ रेत खनिज के अवैध परिवहन की आकस्मिक जांच किया गया, जिसमें 04 ट्रैक्टर को रेत का अवैध परिवहन करते पाया जाने पर 03 टैक्टर को पुलिस थाना कांकेर और 01 ट्रैक्टर को कलेक्ट्रेट परिसर कांकेर में खड़ी की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि रेत का अवैध परिवहन करते पाया जाने पर ट्रैक्टर ट्राली क्रमांक सी.जी.19,बी.एफ-8435 एवं सी.जी.19, बी.एफ4886, मालिक सगराम देहारी, निवासी ईच्छापुर और बिना नंबर वाला ट्रैक्टर ट्राली सोनालिका, वाहन मालिक रामकुमार निषाद, निवासी सिंगारभांट को पुलिस थाना कांकेर में तथा 01 ट्रैक्टर ट्राली, वाहन मालिक रामकुमार निषाद, निवासी सिंगारभांट को कलेक्ट्रेट परिसर में खड़ी कर एम.एम.डी.आर.एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### युवती पर चाकू से हमला करने वाला आरोपी धमतरी से गिरफ्तार

**कोंडागांव (आरएनएस)।** जिले की पुलिस ने युवती के गले मे धारदार चाकू से हमला करने वाला आरोपी विजय उर्फ गोलु पटेल पिता मेहत्तर उर्फ मेहतरू जाति मरार साकिन जामकोटपारा को धमतरी से गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त चाकु भी जप्त करने के बाद कार्यवाही उपरांत न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा है। प्रार्थिया देवकी देवांगन व उसके परिवार के साथ आरोपी विजय उर्फ गोलु पटेल का पुराना जमीन संबंधी विवाद था, इसी विवाद के चलते गोलु पटेल प्रार्थिया व उसके परिवार से दुश्मनी रखता था। जमीन विवाद की बात को लेकर पूर्व में भी गोलू पटेल के द्वारा प्रार्थिया से लडाई झगडा किया था। 25 सितंबर 2021 प्रार्थिया कु. देवकी देवांगन अपनी दुकान पर अकेली थी। तभी विजय उर्फ गोलु पटेल दुकान में आकर प्रार्थिया से गुटखा व सिगरेट मांगा गुटखा व सिगरेट देने के बाद प्रार्थिया ने गोलु पटेल से पैसा मांगा तो गोलू पटेल के द्वारा प्रार्थिया को गाली गलौज कर मुझसे पैसा मांगती है कहकर अपने हाथ में रखे धारदार सब्जी काटने वाले चाकू से प्रार्थिया की हत्या करने के नीयत से हमला कर दिया, प्रार्थिया के चिल्लाने से आरोपी गोलु पटेल वहां से भाग गया।

### चोरी की 25 बाइक के साथ गिरोह के 8 आरोपी गिरफ्तार

**कांकेर (आरएनएस)।** जिले की पुलिस ने बाइक चोरो के बड़े गिरोह के 08 आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की 25 बाइक बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बाईक चोरी के आरोपियों के कब्जे से जप्त 25 नग चोरी की मोटर साइकिल, सोने चांदी के आभूषण एवं मंहगे मोबाइल की अनुमानित बाजार मूल्य 07 लाख 36 हजार रूपये आंकी गई है। गिरफ्तार बाइक चोरो गिरोह 40 हजार रुपये तक का महंगे मोबाइल का उपयोग करते थे।

### शहर के प्रतिष्ठित ज्वेलरी शॉप में 90 लाख की चोरी

**धमतरी (आरएनएस)।** जिले में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात आरोपियों ने शहर के दो ज्वेलरी शॉप में 90 लाख की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। आज सुबह शॉप पहुंचे संचालक दुकान की हालत देख दंग रह गए। जानकारी के अनुसार शहर के प्रवीण ज्वेलर्स और संकलेचा ज्वेलर्स में चोरी की वारदात हुई है। पुलिस ने बताया कि अज्ञात आरोपियों ने दोनों शॉप से सोने.चांदी के करीब 90 लाख के कीमती गहने पार कर दिए। आज सुबह लोगों की सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। कोतवाली पुलिस की एक टीम मामले की जांच में जुट गई है। आरोपियों ने सीसी टीवी कैमरा को तोड़कर खराब कर दिया।

### प्रबंधक की प्रताड़ना से त्रस्त महिला अफसर ने की थी खुदकुशी

**महासमुंद (आरएनएस)।** निजी बैंक के महिला अफसर की मौत के मामले में सांकरा पुलिस ने बैंक प्रबंधक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस की मर्ग जांच में पाया गया कि महिला अफसर को प्रबंधक प्रताड़ित करता था। इसी प्रताड़ना से परेशान होकर महिला ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया। सांकरा थाना प्रभारी सूर्यकांत भारद्वाज ने बताया कि पिथौरा के निजी बैंक में असिस्टेंट मैनेजर समोली दास पति दीपक दास (35) ने 14 सितंबर को जोंक नदी में कूदकर अपनी जान दे दी। मामले में मर्ग कायम कर मामले की जांच की गई।

# मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ राज्य के गौठानों में गोबर से विद्युत उत्पादन परियोजना का किया शुभांरभ

» विद्युत के मामले में गौठान होंगे स्वावलंबीः गौठानों में लगी एक यूनिट से 150 किलोवाट उत्पन्न होगी बिजली

» गौठानों में स्थापित रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की मशीनें चलेंगी गोबर की बिजली से



**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज बेमेतरा जिला मुख्यालय के बेसिक स्कूल ग्राउंड में आयोजित किसान सम्मेलन के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य के गौठानों में गोबर से बिजली उत्पादन की परियोजना का वर्चुअल शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम सुराज की परिकल्पना को साकार करते हुए गांवों को स्वावलंबी बनाने में जुटी है। अब छत्तीसगढ़ के गांव गोबर से विद्युत उत्पादन के मामले में स्वावलंबी होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय था जब विद्युत उत्पादन का काम सरकार और बड़े उद्योगपति किया करते थे। अब हमारे राज्य में गांव के ग्रामीण टेटकू, बैशाखू, सुखश्रीमती, सुकवारा भी बिजली बनाएंगे और बेचेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोबर खरीदी का मजाक उड़ाने वाले लोग अब इसकी महत्ता को देख लें। कार्यक्रम में गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे, संसदीय सचिव गुरूदयाल बंजारे, बेमेतरा के विधायक आशीष छाबड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने बेमेतरा जिले के राखी गौठान, दुर्ग जिले के सिकोला तथा रायपुर जिले के बनचरौदा में गोबर से विद्युत उत्पादन के शुभारंभ अवसर पर वहां मौजूद स्व-सहायता समूह की महिलाओं एवं गौठान समितियों के सदस्यों से उनकी आयमूलक गतिविधियों के बारे में चर्चा करते हुए उन्हें अब गोबर से विद्युत उत्पादन की यूनिट शुरू होने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोबर से वर्मी कम्पोस्ट के उत्पादन से जितना लाभ महिला समूहों को हो रहा है। बिजली उत्पादन शुरू होने से उन्हें दोगुना लाभ मिलने लगेगा।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर बेमेतरा जिले में 503 करोड़ रूपए की लागत वाले विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को अनुदान सहायता राशि एवं सामग्री का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर बेमेतरा जिले के देवकर, भिंभौरी को तहसील तथा मारो को उप तहसील बनाए जाने, थान खम्हरिया में पॉलीटेक्निक कॉलेज, साजा में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, परपोड़ी एवं साजा के स्वास्थ्य केन्द्र का सामुदायिक केन्द्र में उन्नयन, देवरबीजा और नांदघाट में महाविद्यालय खोलने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने दाढ़ी को नगर पंचायत बनाने तथा एवं वहां उप कोषालय खोलने, नवागढ़ में भी उप कोषालय तथा कन्या पोस्ट मेट्रिक छात्रावास प्रारंभ करने, साजा के एग्रीकल्चर कॉलेज का नामकरण स्वर्गीय कुमारी देवी चौबे के नाम करने, बेमेतरा के कृषि महाविद्यालय का नामकरण पूर्व विधायक स्वर्गीय डॉ. चेतन वर्मा के नाम किए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर बेमेतरा में ऑडिटोरियम का निर्माण तथा बेमेतरा नगर पालिका को एक करोड़ तथा जिले के नगर पंचायतों को विकास कार्यों के लिए 50-50 लाख रूपए देने का एलान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के सभी गौठानों में गोबर की बिजली उत्पादन शुरू किया जाएगा। समूह की महिलाएं गोबर से बिजली बनाएंगी और बेचेंगी। उनकी बिजली सरकार खरीदेगी। गौठानों में स्थापित रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में विभिन्न प्रकार के उत्पादों को तैयार करने के लिए लगी मशीनें भी गोबर की बिजली से चलेंगी। गौठान अब बिजली के मामले में स्वावलंबी होंगे। है। गोबर से सस्ती बिजली उत्पादन होने के साथ-साथ जैविक खाद का भी उत्पादन होगा। इससे गौठान समितियों और महिला स्व-सहायता समूहों को दोहरा लाभ होगा। कार्यक्रम को गृह मंत्री

## अवैध शराब के साथ महिला सहित 3 गिरफ्तार, 16 पेटी अंग्रेजी व 39 पौव्वा देसी शराब जब्त

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी के मौदहापारा इलाके में शराब की बिक्री करते महिला सहित 3 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मौदहापारा पुलिस को सूचना मिली थी, कि थाना मौदहापारा क्षेत्रांतर्गत रजबंधा मैदान तालाब पार पास स्थित एक मकान में कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रहीं है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर तारकेश्वर पटेल एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली अविनाश ठाकुर द्वारा थाना प्रभारी मौदहापारा लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल को आरोपियों को शराब के साथ रंगे हाथ पकड़ने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर थाना प्रभारी मौदहापारा के नेतृत्व में पुलिस की टीम द्वारा अपने पाईटर को उक्त मकान में भेजकर टेस्ट पर्चेस कराया गया। जिस पर मकान में कुछ लोगों द्वारा अवैध तरीके से शराब बिक्री करते पाये जाने पर पुलिस टीम द्वारा मकान में रेड कार्यवाही किया गया, रेड कार्यवाही के दौरान मकान में 1 महिला एवं 2 पुरूष उपस्थित थे जिन्होंने अपना नाम सुल्ताना बेगम,पिता फिरोज खा 48 वर्ष,अल्ताफखान पिता फिरोज खान 24 वर्ष,जियाऊद्दीन खान पिता रियाजुद्दीन खान 37 वर्ष। तालाशी लेने पर मकान में अलग ङ्क अलग बोरियों में शराब रखा होना पाया गया। जिस पर तीनों आरोपियों के कब्जे से कुल 16 पेटी गोवा ब्राण्ड की अंग्रेजी शराब एवं 39 पौवा देशी मसाला शराब कीमती लगभग 1 लाख रूपये जप्त किया। आरोपियों के विरूद्ध थाना मौदहापारा में अपराध क्रमांक 144/21 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर अग्रिम कार्यवाही किया गया।

## ग्राहक बनकर दुकानों से नगदी व सामान चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी पुलिस ने एक महिला चोर को गिरफ्तार किया है। इस महिला ने पिछले कई हफ्तों से शहर के कई दुकानों में महिला चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुकी थी। महिला स्कार्फ बांधकर दुकानों में ग्राहक बनकर पहुंचा करती थी और उसके बाद अपने हाथ की सफाई दिखाकर रफूचक्कर हो जाती थी। पुलिस को कई दिनों से इस महिला की तलाश थी। आखिरकार गोल बाजार इलाके में ही घूमते हुए इस महिला को गिरफ्तार कर लिया गया।



गोल बाजार थाने से मिली जानकारी के मुताबिक महिला का नाम एकता शुक्ला है। यह मूलतः रीवा की रहने वाली है पिछले कुछ महीनों से रायपुर में संतो नगर इलाके के एक किराए के मकान में अपने पति के साथ रह रही थी। सितंबर के महीने में इस महिला ने तीन से चार दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम दिया। यह सभी दुकानें गोल बाजार मालवीय रोड इलाके की थी।

पुलिस को पूछताछ में आरोपी महिला ने बताया कि वो इससे पहले जूनियर इंनियर की नौकरी कर चुकी है। एकता ने रायपुर और मध्य प्रदेश के शहरों में कई प्राइवेट एजेंसियों में काम किया है। महिला के पति भी प्राइवेट नौकरी करता है। पुलिस की अब तक की छानबीन में यह बात सामने आई कि रुपयों की जरूरत और लालच की वजह से महिला ने चोरी की घटनाओं को अंजाम देना शुरू कर दिया। चोरी के रुपयों से वो अपनी पसंद की चीजों की शॉपिंग किया करती थी। इसने कई किराना दुकान, फल की दुकान और ब्यूटी पार्लर में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था।

## जादू टोने के शक में महिला ने की जेठ जेठानी की हत्या

» घटना को अंजाम देने के बाद महिला ने किया आत्मसमर्पण



**जशपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले से एक बड़ी खबर प्रकाश में आई है यहा एक महिला ने जेठ और जेठानी पर कुल्हाड़ी से हमला कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। दोनों की हत्या के बाद महिला खुद थाना पहुंचे गई। उसने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करते हुए बताया कि 'साहब, मैंने अपने ही परिवार के दो लोगों की हत्या कर दी है'। महिला की यह बात सुनकर पुलिस के भी कान खड़े हो गए। आनन–फानन में महिला को हिरासत में लेकर उसकी बात की मौके पर पहुंचकर तस्दीक की गई, तो एक महिला और पुरुष की लाश खून से सनी हुई पड़े मिली।

एक ही परिवार के दो लोगों की हत्या, वह भी उस परिवार की ही एक महिला के द्वारा किया जाना, इस अंधविश्वास की ही परिणिति है। पूरा मामला जशपुर जिले के सन्ना थाना क्षेत्र का है जहां एक महिला ने जादू टोने के शक में अपने ही परिवार के जेठ जेठानी की हत्या कर दी है और खुद शुक्रवार की रात सन्ना थाने पंहुचकर आत्मसमर्पण कर दिया।

इस दिल दहलाने वाले हत्याकांड की जानकारी मिलने के बाद जशपुर एसपी विजय अग्रवाल खुद घटना स्थल पहुंचे। पुलिस ने बताया कि आरोपी महिला ग्राम पंचायत डोभ की है। जिसे जादू टोने के शक ने इस कदर जकड़ रखा था कि महिला ने कुल्हाड़ी से हमला कर अपने ही परिवार के जेठ जेठानी को मौत के घाट उतार दिया। मृतक का नाम मघनु राम पिता बोलो व उसकी पत्नी गंगोत्री बाई है जिनकी हत्या हुई है। वहीं हत्या कर थाना पहुंची महिला का नाम लुन्दरी बाई पति बुधमन भगत बताया जा रहा है।

## जवानों से भरी बस अनियंत्रित होकर खाई में गिरी, 4 गंभीर



**अंबिकापुर (आरएनएस)।** मैनपाट पुलिस ट्रेनिंग स्कूल के जवान बस में सवार होकर ड्यूटी के लिए मुंगेली जा रहे थे तभी बस अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। जिससे बस में सवार 12 जवानों को चोट आई है। वहीं 4 की हालत गंभीर है।

बता दे कि 38 पुलिस जवान ड्यूटी के लिए बस क्रमांक सीजी 10 सी 0198 में सवार होकर मुंगेली जा रहे थे तभी कमलेश्वरपुर थाना क्षेत्र के टर्निंग के पास बस अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। जिससे बस में सवार 12 जवानों को चोट आई है। वहीं चार गंभीर है जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में रेफर किया है।

## महाराजा अग्रसेन की 5145 वीं जयंती महोत्सव का रायगढ़ में हुआ भव्य शुभारंभ

» पुष्पहार में विवेक कुमार बंसल तो क्रिकेट प्रथम मैच में विक्ट्री राइडर्स ने मारी बाजी

**रायगढ़ (आरएनएस)।** रायगढ़ में महाराजा अग्रसेन जी की 5145 वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित श्री अग्रसेन जयंती समारोह का शनिवार को अग्रोहा भवन में महाराजा अग्रसेन की भव्य आरती के साथ शुभारंभ किया गया। सुबह 9 बजे महाराजा श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर जेएसपीएल के ईडी डी.के. सरावगी एवं अग्र समाज के वरिष्ठ अग्रजों जिसमें मुख्य रूप से राधेश्याम लेन्ध्रा, गौरी शंकर गोयल, रतन लाल केडिया, सत्यनारायण अग्रवाल (चन्द्रपुर), मोहन अग्रवाल (कोतबा), जगदीश अग्रवाल (जग्गू), एडव्होकेट बाबूलाल अग्रवाल,अनिल रतेरिया, सुनील लेन्ध्रा, सुरेश गोयल, अनूप रतेरिया, प्रदीप गर्ग, अनिल गर्ग, आनंद बेरीवाल, मनोज अग्रवाल होण्डा, दीपक अग्रवाल (संतोष), कैलाश अग्रवाल तुलसी, अनूप बंसल, राकेश अग्रवाल (चूड़ी), बजरंग लेन्ध्रा,अशोक अग्रवाल, शिव तायल, दीपक डोरा, शिव जिंदल, नरेश अग्रवाल (अमलडीहा), शिव अग्रवाल लालटंकी, आशा बेरीवाल, रेखा महिमिया, लता डोरा, पायल अग्रवाल पुष्पक सहित समाज के वरिष्ठ जनों, महिलाओं एवं पुरुषों द्वारा अग्रोहा भवन में भगवान अग्रसेन की भव्य महाआरती व पूजा अर्चना कर 6 दिवसीय महाराजा श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ किया गया और प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं आरती में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य महिला,पुरुष और वरिष्ठजन उपस्थित रहे। सभी ने एक साथ एक स्वर में महाराजा की आरती की और जयकारा लगाया। बड़ी संख्या में उपस्थिति के लिए आयोजन समिति के संयोजक सुरेश गोयल और अध्यक्ष अनूप रतेरिया ने समाज का अभार व्यक्त किया। और कहा कि कार्यक्रम में ऐसी उपस्थिति से आयोजन समिति को उर्जा मिलती है।



अग्रसेन जंयती आयोजन समिति के प्रवक्ता प्रकाश निगानिया ने जयंती की प्रथम प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आरती के बाद जयंती के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रथम प्रतियोगिया पुष्पहार का भी प्रातः 9.30 बजे अग्रोहा भवन में शुभारंभ हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के महिला, पुरूष व बच्चों ने इसमे भाग लिया और तरह-तरह की खूबसूरत माला बनाई। पुष्पाहार प्रतियोगिता में बनायी गई मालाओं को नगर के गांधी गंज, रामनिवास टॉकीज एवं अग्रोहा भवन में स्थापित महाराजा श्री अग्रसेन की प्रतिमा पर चढ़ायी गई। पुष्पाहार प्रतियोगिता प्रभारी सीमा महावीर अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में इतनी सुंदर और आकर्षक मालाएं बनायी गई थी कि निर्णय करना मुश्किल था फिर भी प्रतियोगिता के नियम के तहत विवेक कुमार बंसल ने प्रथम, सुशीला पालिवाल द्वितीय, अमिता अग्रवाल तीसरे स्थान पर रहीं वहीं आकर्षक मालाओं के लिए डॉ. सावित्री अग्रवाल और रेणु अग्रवाल को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

**नटवर स्कूल में वरिष्ठजनों के सम्मान के साथ क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ–** जयंती के प्रथम दिन नटवर स्कूल प्रांगण में आयोजित एक गरिमामय व सादगीपूर्ण सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें समाज के आधार स्तंभ और समाज की नीव, समाज के वरिष्ठजनों (बुजुर्गो) का श्रीफल व साल भेंट कर सम्मान किया गया। जिसमें राधेश्याम अग्रवाल (लेन्ध्रा), गोविंद राम अग्रवाल (आरजे), महादेव प्रसाद अग्रवाल, मोहन लाल अग्रवाल (कोतबा), रतन लाल केडिया, गुलाब अग्रवाल (पुष्पक), अजय अग्रवाल, विजय अग्रवाल पैराकुटी, प्रेमसुख बंसल, राजेन्द्र केडिया, विजय अग्रवाल (गंज), बजरंग अग्रवाल (हनुमान), अजय अग्रवाल, नंद किशोर अग्रवाल (पजगांव) सहित और भी वरिष्ठ जनों का समाज के युवाओं एवं आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा सम्मान किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष अनूप रतेरिया ने सभी वरिष्ठजनों का अभिनंदन करते हुए कहा कि आज जो हम हैं और यहां खड़े हैं या जिस मुकाम पर हैं इन्ही की वजह से हैं सम्मान का यह संस्कार हमें हमारे समाज के वरिष्ठों की प्रेरणा ने ही दिया है ऐसे सम्मान समारोह से आने वाले पीढ़ी को भी अपने से बड़ों और वरिष्ठों के सम्मान करने की सीख मिलती है। जहां सम्मान समारोह के बाद समाज के वरिष्ठ सदस्य क्रिकेट के मैदान में उतरे साथ ही आकाश में रंग बिरंगे गुब्बारे छोड़ कर क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया और साथ ही सर्व प्रथम स्वयं हाथों में गेंद और बल्ला थामकर क्रिकेट का आनंद उठाया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480